हिन्दुस्तान / 20/3/2015

डीवीसी चेयरमैन ने किया बेरमो माइंस का निरीक्षण, उत्पादन संबंधी जानकारी ली, दिए कई निर्देश

बेरमो के कोयले से सुधरेगी डीवीसी की स्थिति

बेरमो/बोकारो | हिटी

डीवीसी के चेयरमैन एडब्ल्यू लैंगेस्टे ने गुरुवार को बेरमो माइंस का निरीक्षण किया। यहां चल रही आउटसोर्सिंग और उत्पादन के काम को देखा। उन्होंने कहा कि डीवीसी की इकलौती माइंस से उत्पादन देख उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने अधिकारियों से माइंस के क्षेत्रफल की जानकारी ली।

चेयरमैन को बताया गया कि माइंस का लीज एरिया 120 एकड़ है। श्री लैंगेस्टे ने माइंस विस्तार के रास्ते की अड़चन की जानकारी बोकारो थर्मल बी परियोजना के मुख्य अभियंता जेपी सिंह, एसइ माइनिंग एके ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों से ली। पत्रकारों से बातचीत में श्री लैंगस्टे ने कहा कि वर्तमान में डीवीसी माइंस से प्रतिदिन एक हजार मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन हो रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में माइंस से 17 हजार एमटी उत्पादन हुआ है जबकि पिछले दो माह में 18 हजार एमटी कोयले का उत्पादन लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कहा कि माइंस के कोयले से डीवीसी के बोकारो थर्मल पावर प्लांटों की बड़ी जरूरतें पूरी होंगी। उत्पादन बढ़ेगा तो डिस्पैच भी बढ़ेगा। पावर प्लांटों की स्थिति में भी सुधार हुआ है।

माइंस का निरीक्षण करते डीवीसी चेयरमैन व अन्य अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

प्रतिनिधिमंडल मिला : बैदकारो पंचायत की मुखिया मीरा देवी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चेयरमैन से मिलकर स्थानीय अस्पताल में सुविधा बहाल करने व विद्यालय को पुनः चालू करने का आग्रह किया। चेयरमैन ने अस्पताल में चिकित्सक बहाल करने और शीघ्र ही मध्य विद्यालय खोलने का निर्देश अधिकारियों को दिया। प्रतिनिधिमंडल में ललन सिंह, एस हुसैन, विनोद सिंह, सुनील तिवारी, गोपाल शर्मा, कृष्णा सिंह, उमानंद सिंह, मनोज सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। वहीं डीवीसी वर्कर्स यूनियन के बीके मिश्रा और प्रकाश चंद्र मेहता ने चेयरमैन से माइंस वर्करों को रेगुलाइजेशन करने और एक समान सुविधा देने सहित कई मांगों को सामने रखा।

चेयरमैन के इस दौरे में मुख्यालय के मुख्य अभियंता मानवेंद्र विश्वास, एमएमएचआर सेन, प्रमोद कुमार, एके ठाकुर, एसबी सिंह, बेहरा बेंकेट समन, राहुल उरांव आदि साथ थे।

चेयरमैन ने पावर स्टेशन का किया निरीक्षण: बोकारो। डीवीसी के चेयरमेन एडब्लूके लगटे ने बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में बॉटलिंग प्लांट के पास बन रहें 132 केवीए के पावर सब स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सब स्टेशन का पूरा किया जाए, ताकि यहां से औद्योगिक ईकाईओं में बिजली की आपूर्ति सुचारु तरीके से शुरू की जा से। मौके पर मुख्य अभियंता मुकुट राणा, देवनाथ सहित डीवीसी के कई अधिकारी मौजूद थे।

वर्ष के अंत तक चालू होगा बोकारो थर्मल का नया प्लांट

बोकारो थर्मल | प्रतिनिधि

डीवीसी की एचटी लाईन को बंगाल एवं झारखंड दोनों राज्य सरकारों को सौंपने एवं डीवीसी के रघुनाथपुर पावर प्लांट को निजी हाथों में देने संबंधी चर्चा पर गुरुवार को बोकारो थर्मल दौरे पर आए डीवीसी चेयरमैन एडब्लूय लैंग्स्टे ने विराम लगा दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई प्लानिंग नहीं है।

छह माह पूर्व डीवीसी बेरमो माइंस को चालू करने की उनकी घोषणा के बाद वर्तमान में बंद बेरमो माइंस से एक हजार एमटी कोयले का उत्पादन किया जा रहा है, आगे और उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। बंद पड़े बोकारो थर्मल बी पावर प्लांट को चालू किये जाने के सवाल पर कहा कि ड्राई फ्लाई ऐश हुकिंग का कार्य आरंभ होने के बाद प्लांट को चालू कर दिया जाएगा। बंगाल एवं झारखंड के पावर प्लांटों को चलाने में मुख्यालय द्वारा भेदभाव के सवाल पर कहा कि ऐसा नहीं है, डीवीसी के 6 पावर प्लांटों को तकनीकी खराबी आने एवं ऑपरेशन की जरूरत होने पर बंद किया जाता है। बोकारो थर्मल के नये पावर प्लांट को इस वर्ष के अंत तक चालू कर दिया जाएगा। निदेशक भवन में अध्यक्ष के साथ डिप्टी चीफ इंजीनियर यूएस ठाकुर, कमलेश कुमार झा, एसएस प्रसाद, टी अकबर, पीके झा, संतोष कुमार सरकार आदि थे। बोकारो थर्मल दौरे के क्रम में डीवीसी अध्यक्ष व उनकी पत्नी, मुख्यालय कोलकाता के मुख्य अभियंता मानवेंद्र विश्वास, बोकारो थर्मल के परियोजना प्रधान प्रमोद कुमार, मुख्य अभियंता जेपी सिंह भी थे।

चेयरमैन ने डीवीसी अस्पताल में डीसीएमओ डा मयूर, एमओआईसी डा वेणी सहित अन्य डाक्टरों से मुलकात की एवं मरीजों में फल बांटे। बोकारो थर्मल के नये एवं बी पावर पलांट का निरीक्षण किया।

चेयरमैन से भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह के नेतृत्व में प्राणगोपाल सेन, मुखिया राजेश साव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शंभू चौधरी, शैलेश सिंह के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर बंद बोकारो थर्मल पावर प्लांट को चालू करने, डिग्री कालेज को जमीन आवंटित करने की मांग की। भारतीय जनता मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव भरत यादव के नेतृत्व में डीवीसी के संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों में ब्रजकिशोर सिंह, नवीन पाठक, गणेश राम, विश्वनाथ यादव, संजय मिश्रा आदि लोगों ने भी मुलाकात कर पावर प्लांट को चालू करने आदि मुद्दों से अवगत करवाया। इस मौके पर डीवीसी कामगार संघ के भरत सिंह ने मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।